हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 28 मई 2026

तापमान
अधिकतम 46.6 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

14 सीआईए से मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी काबू ...



14 बरसात सिर पर, अधिकारी मीटिंग-मीटिंग खेलने में व्यस्त



## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 3.80 लाख रुपये

**यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव दुसानी निवासी कुलदीप कुमार से विदेश भेजने के नाम पर 3.80 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने फरकपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात सर्वजीत सिंह से हुई थी। आरोपी ने दावा किया कि वह कई लोगों को विदेश भेज चुका है और उसे वर्क वीजा पर लिथुआनिया भेज देगा। भरोसा दिलाकर आरोपी ने अलग-अलग किस्तों में 3 लाख 80 हजार रुपये ले लिए, लेकिन न तो विदेश भेजा और न ही पैसे लौटाए। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लोहे की रॉड से मां बेटे पर हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव कांजनू में कहासुनी होने पर एक युवक ने मां बेटे पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कांजनू निवासी प्रवीण कुमार ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। उसका रोहित के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। 25 मई को काम से घर लौट रहा था। इस दौरान आरोपी रोहित उसकी मां रानी देवी के साथ झगड़ा कर रहा है। आरोपी ने अपने हाथ में लोहे की रॉड पकड़ी हुई है। जब वह अपनी मां को आरोपी से छुड़वाने के लिए आया तो आरोपी ने उसकी मां के आंख पर मुक्का मारा। जिससे उसकी मां नीचे गिर गई। इसके बाद आरोपी ने उसकी मां के सिर में लोहे की रॉड मारी। जिससे वह घायल हो गई। इस दौरान आरोपी ने उस पर भी लोहे की रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया।

### सूने घर से 60 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** बूडिया थाना क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ से एक व्यक्ति ने सूने घर से 60 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव फतेहगढ़ निवासी राजरानी ने बूडिया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 मई को दोपहर के समय वह किसी काम से घर से बाहर गई थी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से 60 हजार रुपए की नकदी गायब मिली। राजरानी ने बताया कि जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि उसके घर से गांव के ही कंवरपाल ने पैसे चोरी किए हैं। उसने इस बारे आरोपी से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अलग-अलग स्थानों से नकदी व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने सूने घरों को निशाना बनाकर नकदी और लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए।



प्रतापनगर क्षेत्र के गांव नैनावाली निवासी ओमकार ने बताया कि 25 मई की रात वह घर बंद कर बाहर गया था। लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और बॉक्स से सोने-चांदी के आभूषण व 25 हजार रुपये गायब थे। चोरी गए सामान की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई गई है। वहीं, गांव अलाहर निवासी केला देवी ने आरोप लगाया कि गांव के मोहित ने उसके घर से 15 हजार रुपये और चांदी का सामान चोरी किया। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्राओं के भागने के बाद सुरक्षा और मानसिक दबाव पर उठे सवाल

# सुपर 100 अकादमी में परिजनों का हंगामा बच्चों से न मिलने देने पर सड़क जाम

- परिजनों ने बच्चों को घर ले जाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन
- पुलिस समझाने के बाद खुला जाम, आवेदन देकर बच्चों को ले जाने की बात
- विद्यार्थियों ने लगाया टॉर्चर और देखभाल में लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पुलिस को आप बीती सुनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बारना गांव स्थित सुपर 100 अकादमी में आए दिन बच्चों के परिजनों द्वारा हंगामा होने के मामले सामने आ रहे है। गत दिनों भी बारना गांव स्थित सुपर 100 अकादमी से तीन छात्राओं के भागने के बाद परिजनों ने अकादमी पहुंचकर हंगामा किया था। हालांकि तीनों छात्राएं सुरक्षित अपने घर पहुंच गईं, लेकिन घटना ने कैंपस में बच्चों की सुरक्षा, मानसिक स्थिति और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। अब बुधवार को भी बच्चों के परिजन सुपर 100 अकादमी में पहुंचे और बच्चों से न मिलने देने के आरोप लगाए।

परिजन बच्चों को साथ ले जाने की मांग करने लगे। काफी देर तक जब परिजनों को बच्चों से नही मिलवाया गया तो परिजनों ने कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लगा दिया। जाम लगाने की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने जाम लगा रहे परिजनों से बातचीत करते हुए कहा कि बच्चों को ले जाने के लिए संस्थान को एप्लीकेशन लिखकर दो उसके बाद बच्चे को अपने साथ ले जाओ। पुलिस अधिकारी के आश्वासन के बाद परिजनों ने जाम खोल दिया। सोनीपत से आई महिला ने बताया कि उनका पोता सुपर 100 अकादमी में पढ़ाई कर रहा है। उनका बच्चा पढ़ने में होशियार है। गत दिवस उनके पोते का फोन आया था जिसमें उसने मानसिक परेशानी बारे बताया। इसके बाद वे अपने बच्चे को ले जाने के लिए अकादमी पहुंची है। महिला ने कहा कि यदि मानसिक दबाव के कारण उनके बच्चे को कुछ हो गया तो ऐसी पढ़ाई का क्या फायदा। उन्हें अपना बच्चा सही सलामत चाहिए। वही संस्थान में मौजूद अन्य परिजनों ने कहा कि जब हरियाणा सरकार ने सभी स्कूलों में 25 मई से छुट्टियां घोषित की हुई है तो ऐसे में सुपर 100 अकादमी के बच्चों को घर क्यों नही भेजा जा रहा है। उन्हें अकादमी में क्यो रखा गया है।

इस अवसर पर अकादमी में पढ़ रहे बच्चों ने भी अपनी आपबीती सुनाई। छात्रा अंजली का कहना है कि यहां बच्चों को टॉर्चर किया जाता है। बीमार बच्चों की देखभाल नही हो रही है। अभिभावकों ने कहा कि सुपर 100 का एंट्रेंस एग्जाम बेहद कठिन था और बच्चों ने मेहनत कर दाखिला हासिल किया था. बच्चों को पढ़ाई के लिए भेजा गया था, मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना सहने के लिए नहीं।

# दिलबाग सिंह फैक्ट्री फायरिंग केस में आरोपी से कराई निशानदेही

- शूटर हर्ष पुलिस रिमांड पर बताए छिपने के ठिकाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की जठलाना स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री पर हुई फायरिंग मामले में गिरफ्तार आरोपी शूटर हर्ष को पुलिस ने गांव कांजनू क्षेत्र में निशानदेही के लिए पहुंचाया। टांग में गोली लगने से घायल हर्ष तपती धूप में करीब 20 मीटर तक जमीन पर घिसटते हुए उन स्थानों तक पहुंचा, जहां मुठभेड़ की रात वह छिपा था और जहां से पुलिस पर फायरिंग की गई थी। निशानदेही के दौरान हर्ष भावुक हो गया और युवाओं से गैंगस्टरों के बहकावे में न आने की अपील की। उसने कहा कि ऐशो-आराम और मोटी रकम के लालच में उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई। घायल होने के बाद केवल परिवार ने साथ दिया, जबकि गैंग से जुड़े लोग मुड़कर देखने तक नहीं आए। जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि 30



**यमुनानगर।** गांव कांजनू के पास आरोपी हर्ष से निशानदेही करवाती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

मार्च को विदेश में बैठे गैंगस्टर कार्तिक पंडित के कहने पर अमन उर्फ काकू, अभिषेक और हर्ष ने फैक्ट्री पर फायरिंग की थी। घटना के बाद सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी लेते हुए धमकी भरी पोस्ट भी डाली गई थीं। 10 अप्रैल को कांजनू क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें हर्ष घायल हुआ और अभिषेक गिरफ्तार कर लिया गया।

### कांजनू में हुई थी पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़

रादौर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि अमन की गिरफ्तारी के बाद सूचना मिली थी कि हर्ष और अभिषेक किसी नई वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। 10 अप्रैल की रात दोनों आरोपी कार्तिक पंडित के कहने पर कांजनू के पास नहर की पटरी पर बाइक से पहुंचे थे। सूचना मिलते ही सीआईए और पुलिस टीमों ने इलाके में घेराबंदी कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपियों को रुकने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से करीब 14 से 15 राउंड गोलियां चलीं। मुठभेड़ के दौरान एक गोली सीआईए-2 इंचार्ज की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी, जिससे उनकी जान बच गई थी।

# जैन साध्वियों की मौत के विरोध में करनाल में फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, साधु साध्वियों की सुरक्षा की उठाई मांग

मध्यप्रदेश के रीवा में दो जैन साध्वियों समेत पांच लोगों की मौत के मामले को लेकर जैन समाज में भारी रोष देखने को मिल रहा है। घटना को हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या बताते हुए बुधवार को करनाल में सकल जैन समाज ने रोष मार्च निकाला और जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मिनी सचिवालय पहुंचे। मार्च में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि देशभर में पदयात्रा कर धर्म प्रचार करने वाले जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। दिगंबर जैन सोसायटी के प्रधान बीरेश जैन ने कहा कि रीवा की घटना ने पूरे जैन समाज को झकझोर दिया है। उनका आरोप है कि वाहन चालक ने जानबूझकर साध्वियों को निशाना बनाया। रमन जैन, महाबीर जैन, अजय कुमार जैन, प्रवीण जैन, अंकित जैन, सौरभ जैन, सुशील जैन, अलका जैन, नीतू जैन, निशा जैन, शिक्षा जैन, रेखा जैन आदि मौजूद रहे।



*सरकार ने 25 मई से सरकारी खरीद शुरू करने की घोषणा की थी*

# सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू न होने से नाराज किसानों ने लगाया जाम

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद अनाज मंडी में सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू न होने से नाराज किसानों ने बुधवार को लाडवा रोड पर दो घंटे तक जाम लगाया। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा सूरजमुखी की तुरंत खरीद शुरू करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान सड़क पर बैठ गए, जिससे यातायात प्रभावित रहा। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। डीएसपी सिद्धार्थ व प्रशासनिक अधिकारी भी किसानों को समझाने के लिए मौके पर पहुंचे। इस दौरान किसानों और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। किसानों का आरोप है कि सरकार ने 25 मई से सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन शाहाबाद अनाज मंडी में अब तक एक दाना भी नहीं खरीदा गया है। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में कुछ आढ़तियों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है, जिसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही। भाकियू नेता राकेश बैंस ने बताया कि शाहाबाद मारकंडा अनाज मंडी में धरना देकर सूरजमुखी की खरीद शुरू करने और अवैध वसूली करने वाले आढ़तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई थी। वही शाम को शाहबाद एसडीएम शंभु राठी ने अनाज मंडी में पहुंचकर सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू करवाई। इसके बाद किसानों ने जाम खोला।



**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में लाडवा रोड पर धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

# झेलम एक्सप्रेस में सीट पर बैठा मिला युवक का शव

**करनाल।** जम्मू से दिल्ली जा रही झेलम एक्सप्रेस ट्रेन में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ट्रेन के करनाल रेलवे स्टेशन पहुंचते ही यात्रियों की सूचना पर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। मृतक की पहचान जम्मू निवासी 30 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। यात्रियों के अनुसार, दीपक ट्रेन में अपनी सीट पर शांत बैठा हुआ था। काफी देर तक जब उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई, तो आसपास बैठे यात्रियों को शक हुआ। उन्होंने उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। जीआरपी करनाल की टीम ने ट्रेन के भीतर पहुंचकर युवक की जांच की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने उसके मोबाइल फोन में मौजूद कॉन्टैक्ट नंबरों के जरिए परिजनों से संपर्क किया, जिसके बाद उसकी पहचान दीपक के रूप में हो सकी। पुलिस के अनुसार, परिजनों के पहुंचने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।



# युवक की गला दबाकर हत्या के आरोपी मां-बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव वैसर में युवक सतीश की हत्या के मामले में थाना मतलौडा पुलिस ने आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मंजीत और उसके बेटे विकास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों ने युवक को घर बुलाकर मारपीट की और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि शिकायत में मृतक की मां ने गांव के कई लोगों पर रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाया था। जांच के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में मंजीत ने बताया कि 25 मई की रात सतीश नशे की हालत में उनके घर आया और छेड़छाड़ करने लगा, जिसके बाद विवाद हुआ और दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया, जहां से मंजीत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि विकास को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।





**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम द्वारा पकड़े गए चारों आरोपी युवक।

# नशीले कैप्सूलों के साथ दो युवक समेत 4 गिरफ्तार

- यूपी-हरियाणा बॉर्डर से 3600 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद
- सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी एंटी नारकोटिक सेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने यूपी-हरियाणा कलानौर बॉर्डर से कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध 3600 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया है। वही टीम ने इस मामले में दो और आरोपियों की गिरफ्तार किया है। जिसमें एक मुख्य सप्लायर तथा दूसरा कैप्सूल खरीदने वाला शामिल है।

डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि एंटी नाकोटिक्स सेल की टीम के इंचार्ज अनिल कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि दो युवक ऑल्टो कार में यूपी से नशीले प्रतिबंधित कैप्सूल लेकर यमुनानगर आएंगे। पुलिस ने कलानौर बॉर्डर पर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक ऑल्टो कार आती दिखाई दी। उन्होंने कार की तलाशी ली तो उसमें से 3600 प्रतिबंध ट्रामाडोल सस्पास मोर कैप्सूल बरामद हुए। इन कैप्सूल पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया हुआ है, जिनकी कीमत करीब 45 हजार रुपये है। आरोपियों की पहचान गांव टेही जाट्टान निवासी सूरजभान उर्फ सूरज तथा रोहित उर्फ टिड्डा के रूप में हुई। जब दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह यह प्रतिबंधित दवाइयां मदीना मेडिकल स्टोर चिलकाना निवासी अनस मलिक से लेकर आता है। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी अनस मलिक को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की खुद की मेडिकल स्टोर है और डी फार्मा है। इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपी कार में सवार होकर यह प्रतिबंधित दवाइयां प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सर्वजीत को देने जा रहे थे। टीम ने कार्रवाई करते हुए सर्वजीत को गिरफ्तार कर लिया।

नहरों और तालाबों की ओर बढ़ा युवाओं का रुख, ठंडे पेय पदार्थों की मांग तेज

*बाजारों पर असर, सुबह-शाम ही नजर आए ग्राहक*

# लू के थपेड़ों से बेहाल हुए लोग, सड़कों पर पसरा सन्नाटा, गर्मी से बचने को लोग ढांपते रहे सिर व चेहरा



**यमुनानगर।** गर्मी से बचने के लिए मुंह व सिर ढांपकर अपने गंतव्य की ओर जातीं युवतियां। फोटो : हरिभूमि

- लू के थपेड़ों से बेहाल हुए लोग, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से मौसम में बनी गर्मी की तपिश और तेज लू (हीट वेव) के चलने से लोग हलकान हो गए हैं। बुधवार को भी जिले में दिन भर मौसम में गर्मी की तपिश बनी रही और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हो गए। खासकर राहगिरों को लू के थपेड़ों ने ज्यादा परेशान किया। आलम यह रहा कि जिले में बुधवार को जिले का तापमान बढ़कर अधिकतम 42 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### सूर्य के निकल रही आग

बुधवार सुबह सूर्य देव के दर्शन होते ही आसमान से आग टपकने लगी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ती गई। वहीं, दोपहर के समय लू चलने से लोग बेहाल हो गए। जिससे लोग गर्मी से राहत पाने के लिए यहां वहां भटकने लगे। दोपहर के वक्त अधिकांश युवाओं ने अपने नजदीक नहर व तालाबों का रूख किया और घंटो स्नान करके गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। वहीं, दोपहर के समय अधिकांश लोग लू के थपेड़ों से बचने के लिए सिर व मुंह ढांप कर राह चलते दिखाई दिए। आलम यह रहा कि दोपहर के समय सड़कों पर भी आवाजाही कम रही।

### दुकानदारी पर भी असर

दुकानदार साहिल, संदीप, आशीष, अंकित गुप्ता, सुधीर व रोहित आदि का कहना है कि जैसे जैसे मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ रही है बाजारों में भी ग्राहकों की कमी होने लगी है। सुबह और शाम के वक्त ही ग्राहक बाजारों में दिखाई दे रहे हैं। जिससे उनकी दुकानदारी पर भी गर्मी का असर पड़ रहा है।

### ठंडे पेय का सहारा

गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थों बेचने वालों की बल्ले बल्ले हो गई है। मिल्क बादाम बेचने वाले राम कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सेल में एकदम बढोत्तरी हुई है। वहीं आईसक्रीम की भी खूब डिपांड बढ गई है।

# बरसात में जलभराव की समस्या से नहीं जूझेगा ट्विन सिटी

## निगमायुक्त संग नगर निगम के सफाई अभियान का सुमन बहमनी ने किया निरीक्षण

# एक्शन मोड में मेयर, जगह-जगह किया मौका मुआयना, समाधान के दिए निर्देश

■ नालों पर मिले कब्जा तो अपनाएं सख्त रुख, अतिक्रमण हटा कर करवाएं नाले की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी (यमुनानगर जगाधरी) में नगर निगम द्वारा मानसून सीजन को देखते हुए नालों की सफाई का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत छोटे-बड़े नालों की सफाई की जा रही है। मेयर सुमन बहमनी ने निगमायुक्त महाबीर प्रसाद समेत अन्य अधिकारियों के साथ जगाधरी जोन के प्रकाश चौक से गोरी शंकर मंदिर तक समेत विभिन्न नालों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर ने जगाधरी के बड़े नालों की सफाई व्यवस्था, गाद उठान और जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया। जिन नालों पर कब्जे मिले, उन्हें कब्जा मुक्त कर जल निकासी कराने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून शुरू होने से पहले शहर के सभी बड़े व छोटे नालों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर नालों पर अवैध कब्जे हैं। उन्हें चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान मेयर ने नालों से निकाली जा रही गाद को तुरंत उठाने के निर्देश भी दिए। कहा कि कई बार सफाई के बाद गाद लंबे समय तक नालों के किनारे पड़ी रहती है। जिससे दोबारा वही गाद नालों में चली जाती है और सफाई का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता। इसलिए गाद उठान कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।



यमुनानगर। जगाधरी में निरीक्षण के दौरान नालों की सफाई रिपोर्ट देखतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

### सफाई अभियान के लिए ट्विन सिटी को तीन जोन में बांटा

निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा नालों की सफाई कार्य को तीन जोनों में बांटकर कराया जा रहा है। प्रत्येक जोन में अलग अलग टीमों को जिम्मेदारी दी गई है। ताकि तय समय सीमा के भीतर सफाई कार्य पूरा किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और सफाई कार्य की दैनिक रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। मौके पर पार्षद अरुण कुमार, पार्षद जयंत स्वामी, डीटीपी एवं सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, कनिष्ठ अभियंता गगन संधू व सफाई निरीक्षक प्रदीप दहिया मौजूद रहे।

## रादौर में गंदगी से पटे नाले, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के शमशान घाट मार्ग पर कस्बे की पानी निकासी के लिए बनाया गया नाला में गंदगी भरी होने से बारिश होने पर जलभराव की समस्या होने की आशंका से स्थानीय नागरिक परेशान हैं। स्थानीय नागरिकों ने नपा प्रशासन से नाला की जल्द सफाई करवाए जाने की मांग की है। कस्बा निवासी सुरेश,कर्ण, कमल, सतीश, रामकुमार, संदीप व नरेंद्र आदि ने बताया कि रादौर के शमशान घाट मार्ग पर बनाया गया नाला लंबे अर्से से गंदगी से अटा पड़ा है। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों में बारिश होने पर नाला में अटी पड़ी गंदगी कस्बा में जलभराव की समस्या उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने बताया कि आलम यह है कि नाला में भारी मात्रा में गंदगी जमा हो गई है। जिससे स्थानीय लोगों को मच्छर मक्खी व दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर नाला की साफ सफाई नहीं करवाई गई है। उन्होंने बताया कि मानसून के मौसम में कस्बा से बरसाती पानी की इसी नाले से होती है। मगर नाला में गंदगी भरी होने से उन्हें आशंका है कि यदि तेज बारिश हो गई तो क्षेत्र में लोगों को जलभराव की समस्या से गुजरना पड़ेगा। उन्होंने नपा प्रशासन से बारिश से पहले नाला की साफ सफाई करवाए जाने की मांग की है। नगर पालिका रादौर के सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने बताया कि नाला की साफ सफाई का कार्य जल्द करवाया जाएगा। नागरिकों को किसी भी समस्या से जूझने नहीं दिया जाएगा। कस्बा में मानसून से पहले सभी नालों की साफ सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



यमुनानगर। रादौर स्थित शमशान घाट मार्ग पर गंदगी से अटा पड़ा नाला। फोटो : हरिभूमि

## नागरिकों के साथ पशुओं को भी हीटवेव से बचाएं : प्रीति

यमुनानगर। पिछले कई दिनों से मौसम में बढ़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव से बचने के लिए आमजन को ऐहतियात बरतने की सलाह दी है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि हीट वेव से नागरिकों के साथ साथ पशुओं को भी बचाना जरुरी है।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए लोग स्वास्थ्य विभाग की सलाह के अनुरूप जरूरी उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। बढ़ती गर्मी से बचाव के लिए आमजन को दैनिक जीवन में एहतियात बरतें। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान के मद्देनजर यदि सावधानी न बरती जाए तो गर्म हवाओं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिससे मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण हमारे शरीर में पानी की मात्रा तेजी से कम होती है। इसलिए पूरे दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। प्यास महसूस न हो तब भी पानी पिएं। इससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और हम डी हाइड्रेशन के शिकार होने से बच जाते हैं। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि धूप में बाहर जाने के दौरान हल्के रंगो के ढीले फिटिंग के तथा सूती कपड़े पहनें। सुरक्षात्मक चश्में, छाता, पगड़ी, दुपट्टा, टोपी, जूते या चप्पलों का उपयोग करें। यात्रा करते समय पानी जरूर साथ में रखें। यदि आप बाहर काम करते हैं तो टोपी या छाते का उपयोग करें तथा अपने सिर, गर्दन, चेहरे को ढक कर रखें।

# श्रीराम नाम का जाप करने से कष्ट हो जाते हैं दूर : कथाव्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा गांव खेड़ी में आयोजित की जा रही श्रीराम कथा में कथाव्यास स्वामी रामशरण महाराज ने पांचवे दिन बुधवार को श्रीराम नाम की महिमा के महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत करवाया। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्रीराम नाम सिमरण करने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर कथाव्यास ने रामायण की चौपाइयां व भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथाव्यास स्वामी रामशरण महाराज ने फरमाया कि राम का नाम ही एकमात्र ऐसा साधन है जिसके जपने से मनुष्य के कष्ट दूर हो जाते हैं। अगर मनुष्य आधुनिक चकाचौंध के बीच रामनाम का नित्य जाप करे तो उसे पापों व कष्टों से मुक्ति मिल सकती है। आज मनुष्य की धन की लालसा ने उसे मार्ग से भटका दिया है। इसीके चलते मनुष्य कहता है कि ईश्वर नहीं है। वह अपने कार्यों में इतना व्यस्त है कि उसके पास न तो प्रभु का सिमरन करने का समय है और न ही ध्यान करने का। जो समय उसके पास होता है वह उसे ईश्वर को ऐसी जगहो पर ढूंढने में लगा देता है जहां से उसे ईश्वर की प्राप्ति ही नहीं होती। प्रभु मनुष्य के पैसो का भूखा नहीं है बल्कि वह अपने भक्तों के भावों का भूखा है। हम प्रभु को वही चढ़ाने का प्रयास करते हैं जो ईश्वर ने हमें दिया है। लेकिन प्रभु को यदि हम वही वस्तु का अर्पण करें तो उन्होंने ही हमें दी है तो उसका कोई महत्त्व नहीं।



# राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी हैं पटवारीः सहोता

■ जिला प्रशासन ने लघु सचिवालय में नवनियुक्त पटवारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा नवनियुक्त पटवारियों के लिए बुधवार को लघु सचिवालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्व अधिकारियों ने उन्हें राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने कार्यक्रम में पटवारियों को इंतकाल, जमाबंदी, गिरदावरी, ई.भूमि पोर्टल तथा सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उन्हें आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नवनियुक्त पटवारियों को इंतकाल, जमाबंदी, गिरदावरी तथा अन्य राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने कहा कि डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के साथ पटवारियों को ऑनलाइन प्रक्रियाओं एवं आधुनिक तकनीकों की भी पूरी जानकारी होनी चाहिए। ताकि लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने नव नियुक्त पटवारियों को बताया कि पटवारी राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने कार्य पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी से करें।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते नवनियुक्त पटवारी। फोटो : हरिभूमि

### पटवारी जनता व प्रशासन के बीच अहम कड़ी

जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाने में पटवारियों की अहम भूमिका होती है। क्योंकि पटवारी जनता और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि संबंधी कार्यों, रिकॉर्ड संधारण तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में पटवारियों की अहम भूमिका होती है। पटवारियों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना चाहिए। जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने कहा कि पटवारी का व्यवहार जनता के प्रति सहयोगात्मक एवं जिम्मेदारी पूर्ण होना चाहिए। ग्रामीण स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सेक्शन 32 के तहत खानकाश्त से मलकियत में दर्ज करने हेतु उन्हें सरकार द्वारा जारी निर्देश के तहत कार्य करने हेतु कहा गया। इसके लिए वो सभी गांव में नंबरदारों और चौकीदारों के माध्यम से आम जनता को भी सूचित करें। इसके अलावा राजस्व रिकॉर्ड में आधार नंबर की सीडिंग का कार्य, प्राईम खसरा नंबर की एंट्री पोर्टल के माध्यम से की जाने की ट्रेनिंग, एग्रीस्टैक के तहत फार्मर रजिस्ट्री के कार्य किए जाने की ट्रेनिंग दी गई।

# 21.51 लाख से होगी नालागढ़ सामुदायिक केंद्र की कायापलट

■ नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने सामुदायिक केंद्र के नवीनीकरण कार्य का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा शहर के वार्ड नंबर एक के नालागढ़ गांव के सामुदायिक केंद्र का नवीनीकरण किया जाएगा। इस विकास कार्य पर नगर निगम द्वारा 21 लाख 51 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। बुधवार को मेयर सुमन बहमनी ने इसका शिलान्यास किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल व मार्केट कमेटी के चेयरमैन विपुल गर्ग मौजूद रहे।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। सामुदायिक केंद्र गांव व वार्ड के लोगों की सामाजिकए सांस्कृतिक और पारिवारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होता है। लंबे समय से इसके नवीनीकरण की मांग उठ रही थी। जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवीनीकरण के बाद यहां बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिससे क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम आयोजित करने में सुविधा मिलेगी।

मौके पर विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम मिलकर शहर व गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक केंद्रों का विकास सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है और लोगों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा किया जाए।

मार्केट कमेटी चेयरमैन विपुल गर्ग ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार हर जिले, शहर, वार्ड व गांव में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। आने वाले समय में क्षेत्र में अन्य विकास कार्य भी करवाए जाएंगे। पार्षद रीना रस्तोगी ने मेयर व पूर्व मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग पर सामुदायिक केंद्र का नवीनीकरण शुरू कराया गया है। जिससे लोगों में खुशी का माहौल है। मौके पर सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज व कनिष्ठ अभियंता गगन संधू आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। नालागढ़ में सामुदायिक केंद्र के नवीनीकरण कार्य के शुभारंभ करने के दौरान मेयर सुमन बहमनी का स्वागत करते लोग। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रशिक्षण वर्ग से हुआ नई ऊर्जा का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा द्वारा यमुनानगर के डीपीएस स्कूल में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन हो गया। प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रक्ट किया है। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने जिला अध्यक्षा राजेश सपरा का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के दिलों दिमाग पर जबरदस्त छाप छोड़ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा प्रशिक्षण लेने के लिए सूचीबद्ध पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया । शिविर में वरिष्ठ पदाधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बहुत कुछ सीखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश ने बताया कि प्रशिक्षण के पहले दिन सात सत्र में कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दूसरे दिन सुबह को प्रातः कालीन शाखा में भाग लिया। प्रशिक्षण के दोनों दिन भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त अनुशासन एवं समन्वय देखने को मिला । इस अवसर पर संयोजक पूर्व विधायक ईश्वर पलाका ने भी कार्यकार्ताओं का धन्यवाद किया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र राणा, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग व मंडल अध्यक्ष अमित चौधरी आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। राजेश सपरा का स्वागत करते भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल सिंह चौधरी व अन्य।

# छबील लगाकर लोगों को पिलाया मीठा जल

यमुनानगर। ट्विन सिटी में बुधवार को श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर मीठे जल की छबील लगाकर रागगिरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। खास बात यह रही कि जिले में सुबह से लेकर शाम तक मौसम में तपिश और उमस बनी रही। जिसमें राह चलते लोगों ने रास्तों में लगी छबीलों पर ठंडा मीठा जल पीकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। खास बात यह रही कि इस दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने उबले हुए चने व हलवे का प्रसाद भी वितरित किया। बुधवार को ट्विन सिटी के बिलासपुर मार्ग, मॉडल टाउन, औद्योगिक नगर, जगाधरी समेत आधा दर्जन स्थानों पर श्रद्धालुओं ने छबीलें लगाकर लोगों को मीठा जल पिलाया। मौके पर श्रद्धालु रोहित, सुरेश, पंकज, सुमित, सुरेंद्र व लोकेश आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम में तेज गर्मी की तपिश व उमस बन रही है। ऐसे में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जिसे देखते हुए श्रद्धालु पिछले कई दिन से ट्विन सिटी समेत जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर छबीलें लगाकर राहगिरों को गर्मी से राहत दिला रहे हैं। वहीं, सतीश व वीरभान आदि ने कहा कि जल ही जीवन है जल के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। मौके पर रणबीर सिंह, सुखदेव, मोहित, विजयपाल, विरेंद्र, संजय, विशाल व विक्की आदि मौजूद थे।



## जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग ने तेजली खेल परिसर में लगाया योग प्रशिक्षण शिविर

# योग जीवन जीने की कला के साथ सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान

जिला युवा कार्यक्रम एवं खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने बताए योग के फायदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में तेजली खेल परिसर खिलाड़ियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में जिला युवा कार्यक्रम एवं खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

जिला युवा कार्यक्रम एवं खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने कहा कि योग जीवन जीने की कला होने के साथ साथ सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान व एक साधना पद्धति है। जो विश्व को भारत की देन है। योग को लेकर भारत विश्वगुरू के रूप में उभर कर दुनिया के सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि 21 जून को विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग बड़े उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

जिला युवा कार्यक्रम एवं खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में पूर्ण स्वास्थ्य को पाना बहुत ही कठिन हो गया है। क्योंकि हम अपनी दिनचर्या को ठीक नहीं रखते और खान पान भी सही नहीं रखते हैं। जिससे भयंकर बीमारियां उत्पन्न हो रही है। इनसे बचने के लिए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है। जिसको अपना कर सर्वोत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि योग जीवन की वह क्रिया है। जिसके माध्यम से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व संतुलित जीवन व्यतीत कर सकता है। मौके पर आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. शिव सैनी ने कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप से तंदुरुस्त रहकर ही व्यक्ति जीवन में अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि योग किसी एक दिन अथवा एक सप्ताह का विषय नहीं है। बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जीवन शैली में नियमित रूप से शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद तन, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाकर स्वास्थ्य में सुधार करता है और जीवन जीने का ऐसा तरीका सिखाता है। जिससे जीवन लम्बा और खुशहाल होता है। उन्होंने स्वस्थ पुरुष व दिनचर्या के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। योग हमारी प्राचीन धरोहर है तथा अब योग भारत में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर अपना स्थान प्राप्त कर चुका है। जो कि हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि योग करने से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है और अनेक रोगों से भी छुटकारा मिलता है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए हमें नियमित रूप से योग अभ्यास करना चाहिए।



यमुनानगर। तेजली खेल परिसर में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर में योग करते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### एनआईटी में क्रिकेट टीम के चयन हुए ट्रायल

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में संस्थान क्रिकेट टीम फैकल्टी एवंस्टाफ के चयन ट्रायल खेल परिसर स्थित क्रिकेट मैदान में सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। चयनित संस्थान क्रिकेट टीम आगामी 4 से 8 जुलाई 2026 तक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान श्रीनगर में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित अखिल भारतीय इंटर.एनआईटी फैकल्टी एवंस्टाफ ;पुरुष क्रिकेट टूनार्मेंट में एनआईटी कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी।

### 86 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र किए वितरित



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में डॉ. बी.आर. अंबेडकर अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित तथा रूसा के सहयोग से संचालित पांच दिवसीय अपरकालिक कौशल विकास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह कार्यक्रम 22 मई से 26 मई 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें कुल 86 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी 86 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### 1 किलो 155 ग्राम गांजा सहित महिला गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस की टीम ने शहर थानेसर में नशे को लेकर सर्च अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने स्वैट टीम के साथ थानेसर शहर के कीर्ति नगर में सर्च अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस टीम ने नशीला पदर्थ रखने की एक महिला आरोपी को गिरफ्तार करके 1 किलो 155 ग्राम गांजा व 1 लाख 36 हजार रूपये की नकदी बरामद करने में सफलता हासिल की है।

# चिलचिलाती धूप से आमजन परेशान, आज बदलेगा मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सूर्य की तेज किरणों से लोग बाहर निकलने से कतराते रहे। तापमान बढ़ने से तपिश तेज हो गई है। सुबह 10 बजते ही उमस बढ़ने लग जा रही है। चिलचिलाती धूप व गर्मी के चलते आमजन काफी परेशान होने लगे हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर के समय कामकाज में निकले लोगों को धूप से बचने के लिए चश्मा, टोपी, गमछा का सहारा लेते देखा जा रहा है। तेज धूप से ताल-तलैया सूखने लगे है। 28 मई से मौसम में बदलाव हो सकता है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार तापमान में बदलाव के साथ ही बुधवार जिले में दिन के समय धूल भरी हवाएं चलीं। भीषण गर्मी के कारण लोग परेशान रहे। नौतपा शुरू होने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, 28 मई से अब पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से प्रदेश में वर्षा और तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। हरियाणा में 28 मई को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 29-30 मई को तेज गति की हवाओं आंधी-अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी की संभावना है। 2 जून को भी मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। उधर बदलते मौसम से लोगों के बीमार पड़ने का सिलसिला जारी है। अचानक सूर्य की तपन से पैदा होने वाली बीमारियों में तेज बुखार आदि को बढ़ावा मिल रहा है। खान-पान से संबंधित बीमारियों के साथ त्वचा रोग आम हो गया है।

- अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम 28 डिग्री किया दर्ज

## मीठे पानी की छबील लगा बुझाई राहगीरों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




भीषण गर्मी और तेज लू के प्रकोप को देखते हुए द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज परिसर के मुख्य द्वार पर मीठे और ठंडे पानी की छबील लगाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर अरुण पुनियानी ने की। उन्होंने कहा कि गर्मी अपने चरम पर है । ऐसे में यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम लोगों को गर्मी से बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करें। पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने लोगों को लू से बचने के उपाय भी बताएं जैसे धूप में सिर ढक कर निकलना, खाली पेट घर से ना निकालना और अधिक से अधिक तरल पदार्थ लेना। कॉलेज परिसर में आयोजित इस छबील में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और लोगों ने ठंडे मीठे पानी का सेवन कर राहत महसूस की और कहा कि इस तपती गर्मी में ठंडा पानी और शरबत मिलना बहुत राहत देता है। कॉलेज परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर इस सेवा कार्य में सहयोग दिया। अंत में कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को भी समाज के प्रति संवेदनशील बनना चाहिए और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा मानव धर्म है और कॉलेज हमेशा सामाजिक सरोकारों एवं जन सेवा के कार्य में आगे रहता है।

## पद्मिनी एकादशी पर परीक्षा शाखा ने पक्षियों के लिए रखे पानी के कसोरे और दाने

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा-3 द्वारा पद्मिनी एकादशी के पावन अवसर पर परीक्षा शाखा के आसपास विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के कसोरे एवं दाने की व्यवस्था की गई। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण तथा जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जीवों की सेवा को अत्यंत पुण्य का कार्य माना गया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों को भोजन और पानी उपलब्ध कराना मानवता एवं प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करने की अपील की।



## मेरिट से मिलेगा मौका, बिना प्रवेश परीक्षा होगा एडमिशन

# कुवि आईआईएचएस में दाखिले की प्रक्रिया शुरू, 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, ऑनर्स, इंटीग्रेटेड एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि सभी प्रवेश पूरी तरह मेरिट आधार पर किए जाएंगे तथा किसी भी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं होगी। इच्छुक विद्यार्थी 21 जून 2026 रात 11.59 बजे तक विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल तथा संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि आईआईएचएस द्वारा इस वर्ष अनेक बहुविषयक एवं स्किल आधारित पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जाएंगे। पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में एमएससी बायोटेक्नोलॉजी तथा एमएससी ऑनर्स इकोनॉमिक्स में 20-20 सीटें निर्धारित की गई हैं। बीएससी फिजिकल साइंसेज (स्कीम-ए) में 280 सीटें उपलब्ध हैं, जबकि बीएससी फिजिकल साइंसेज विद सिंगल मेजर (स्कीम-सी) के अंतर्गत फिजिक्स ऑनर्स की 40, केमिस्ट्री ऑनर्स की 20, कंप्यूटर साइंस ऑनर्स की 30 तथा मैथमेटिक्स ऑनर्स की 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। प्रो. रीटा ने बताया कि इसके अतिरिक्त बीसीए, बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- स्कीम डी), बीकॉम, बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट तथा बीएससी होम साइंस जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में भी दाखिले किए जाएंगे। बीसीए एवं बीसीए एआई में 60-60, बीकॉम में 120, बीटीटीएम में 45 तथा बीएससी होम साइंस में 40 सीटें निर्धारित की गई हैं। संस्थान द्वारा स्किल एवं इंडस्ट्री आधारित कार्यक्रमों को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। बैचलर ऑफ वोकेशन इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी तथा बीएससी रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन में 50-50 सीटें उपलब्ध रहेंगी।

## जिले की 5 आईटीआई में 1400 सीटों पर 26 व्यवसायों में दाखिले 2 जून से



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल जगमोहन ने कहा कि कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जिला के सभी राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों जिनमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र, शाहबाद तथा पिहोवा में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जिले की 5 आईटीआई में लगभग 1400 सीटों पर विभिन्न 26 व्यवसायों में दाखिले किए जाएंगें। जो अभ्यर्थी आठवीं, दसवीं व 12वीं पास कर चुके है वे इन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगें। इसकी आवेदन फार्म भरने की तिथि 2 जून 2026 से प्रारंभ होगी तथा आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गई है। प्रिंसीपल जगमोहन ने कि सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रक्रिया से पूर्व अपने आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें। जिनमें दसवीं व बारहवीं की अंक तालिका प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, एक पासपोर्ट साइज फोटो, ईमेल आईडी, स्थाई मोबाइल नंबर आदि शामिल हैं, ताकि बिना किसी परेशानी के आसानी से फॉर्म भरकर दाखिला प्राप्त किया जा सके। प्रधानाचार्य जगमोहन ने बताया कि प्रार्थी निदेशालय द्वारा निर्धारित फीस भरकर अपना दाखिला फॉर्म तिथि 2 जून 2026 से संस्थान में आकर निःशुल्क भरवा सकते है। इसके अतिरिक्त संस्थान में ड्यूल सिस्टम ट्रेनिंग, रोजगार हेतु प्लेसमेंट सैल, मारुति द्वारा तैयार हाई टेक लैब व अन्य युवा गतिविधियां भी उपलब्ध है। प्रार्थी दाखिला संबंधी अधिक जानकारी के लिए दाखिला कमेटी के अध्यक्ष सुरिन्द्र शर्मा से हेल्पलाइन नंबर 9467040273 अथवा 8059760246 पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते है।

## न्यूज डायरी

### श्रीसोमनाथ मंदिर की निःशुल्क यात्रा के लिए 6 जून तक करें आवेदन : विश्राम कुमार मीणा



**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल ह्यमुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजनाह्न के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - 1000 वर्ष की अखंड आस्था व पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 8 जून को एक विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस विशेष ट्रेन को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इच्छुक श्रद्धालु 6 जून तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी, इसलिए पात्र लाभार्थियों से समय रहते आवेदन करे।

### जिले के 11 स्कूल सीएमईईई स्कूल योजना में शामिल

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री उत्कृष्टता और प्रारंभिक अंग्रेजी विद्यालय योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश भर के 250 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करके सीएम ईईई स्कूल बनाया गया है। इसके तहत जिला के 11 ऐसे स्कूल है जो इसमें शामिल है। इस योजना का उद्देश्य हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुधारने और छात्रों को बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। ये सभी स्कूल हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंधित है। इनमें हर कक्षा में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में शिक्षा प्रदान की जाती है। इन स्कूलों में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कसीथल, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीड कालवा, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुढा, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेहरा, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुमथला गढू, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल संधौली, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बोधनी, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नलवी व जगदीश चंद राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ठोल और राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमीन व राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुराला शामिल है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि नई योजना के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित किए जाएं। योजना से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक और समावेशी शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होने की उम्मीद है।

### जय भारत मारुति में यूआईईटी के 17 विद्यार्थियों का चयन



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के विद्यार्थियों ने एक बार फिर प्लेसमेंट के क्षेत्र में सफलता हासिल की है। संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि जय भारत मारूति लिमिटेड द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में यूआईईटी के 17 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यूआईईटी के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं व्यावहारिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में यूआईईटी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। चयनित विद्यार्थियों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के आजाद नैन, मनु सैनी, मयंक शर्मा, मोहित गोद, रोहित कुमार, साहिल कुमार, विवेक जांगड़ा तथा कुसुम पालीवाल सहित नौ विद्यार्थियों को गुजरात के सानंद स्थित जेबीएम ऑटो लिमिटेड में नियुक्ति दी गई है।

## वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देगा राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन : पांचाल

- राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर इरादा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बच्चों में वैज्ञानिक चेतना व अनुसंधान क्षमता विकसित करने के लिए राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन के आयोजन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भारतीय संसाधन एवं विकास संघ (इरादा) को सौंपी गई है। इसी संदर्भ में भारतीय संसाधन एवं विकास संघ द्वारा जुलाई के प्रथम सप्ताह में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर इरादा के कुरुक्षेत्र कार्यालय में बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रण सिंह को राज्य एकेडमी कोआर्डिनेटर नियुक्त किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जिलों में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए जिला संयोजक व जिला एकेडमिक कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाएं ताकि इस गतिविधि को अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंचा जा सकें। इस बैठक में यमुनानगर से दर्शन लाल बवेजा, हिसार से चित्रा सिंह, भिवानी से विज्ञान संचारक रण सिंह, नेहरू केंद्र से अमित शर्मा, करनाल से अरविंद स्वामी, डॉ पवन, सुनीता सैनी और अर्चना शामिल रहे।

### नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना ने जरूरतमंद छात्रों के जीवन में जगाई उम्मीद की किरण: विकास



**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा व मार्गदर्शन में संचालित नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के प्रचार-प्रसार एवं विस्तार को लेकर बाबैन के किसान रेस्ट हाउस में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों को योजना की पात्रता, उद्देश्य एवं लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में बताते हुए डॉ. राज कुमार ने कहा कि इस छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि आर्थिक अभाव किसी भी छात्र की शिक्षा में बाधा न बन सके। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों की पहचान करें और उन्हें इस योजना से जोड़ने में सहयोग करें, जिससे कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। इस अवसर पर बाबैन मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल है।

### केयूके पॉडकास्ट पोस्टर का किया विमोचन



**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 29 मई 2026 को लॉन्च किए जाने वाले 'केयूके पॉडकास्ट' का पोस्टर का विमोचन संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया, पॉडकास्टिंग और आधुनिक पत्रकारिता के नए आयामों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच करवाने वाले दलालों पर कसा जाएगा शिकंजा : उपायुक्त

**जिले में अप्रैल 2026 में लिंगानुपात का आंकड़ा 931 हुआ**

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच करने और करवाने वाले दलालों पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शिकंजा कसा जाएगा। इस जिले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से छापेमारी करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित पीएनडीटी एक्ट के तहत अधिकारियों की एक बैठक को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह व अन्य सदस्यों से पीएनडीटी एक्ट के तहत स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अभी तक की गई कार्रवाई और कमेटी की प्रगति रिपोर्ट पर फीडबैक लिया। उपायुक्त ने फीडबैक रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के लिंगानुपात में और सुधार करने, पी.एन.डी.टी. के अंतर्गत अधिक से अधिक छापेमारी किए जाने, जिले में अवैध भ्रूण लिंग जांच करने व करवाने वाले दलालों पर शिकंजा कसने बारे ठोस कदम उठाए जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में जहां जिला कुरुक्षेत्र का लिंगानुपात 893 था वह वर्ष 2026 (अप्रैल) में बढ़ कर 931 हो गया। स्वास्थ्य विभाग के पी.एन.डी.टी. विभाग द्वारा पिछले वर्षों में की गई 30 छापेमारी के एवज में दर्ज एफ.आई.आर. के द्वारा पुलिस द्वारा 92 गिरफ्तारियां भी की गई। इसके साथ ही जिले में सभी गर्भवती महिलाओं के ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन प्रथम तिमाही में करने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. सुखबीर सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश सभ्रवाल,महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**चर्चा** लघु सचिवालय के सभागार में जिला रोड सेफ्टी की मासिक बैठक में दिए निर्देश

# रोड सेफ्टी का उल्लंघन करते हुए बिजली के खंभे लगाने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : डीसी

तैयार की गई दो स्थानों की ट्रेफिक लाइटों को जल्द ही शुरू करने के लिए भी कहा

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि रोड सेफ्टी का जहां पर भी बिजली के खंभे लगाकर बिजली विभाग ने नियमों का उल्लंघन किया है, ऐसा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आगे से बिजली विभाग संबंधित विभाग से एनओसी लेने के बाद ही बिजली खंभे को लगाएगा। यदि विभाग खंभे लगाने की एनओसी नहीं लेता है और बाद में शिफ्टिंग का खर्च भी खुद ही वहन करना पड़ेगा। बिजली विभाग पिपली चौक, लॉट्स ग्रीन सिटी के सामने वाले फोरलेन रोड से सप्ताह में बिजली खंभों को हटाना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला रोड सेफ्टी की मासिक बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले आरटीए विभाग से इंस्पेक्टर जोगिन्द्र ढुल ने बैठक के एजेंडे से सम्बन्धित जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने पंचायत विभाग को बारना में बनाए गए सुपर 100 संस्थान के सामने बस स्टैंड का निर्माण करने और रोडवेज विभाग को इस स्थान पर तुरंत प्रभाव से बसों का ठहराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लॉट्स ग्रीन सिटी के सामने बनने वाले फोरलेन मार्ग का काम शुरू कर दिया गया है। इस मार्ग को बनाने में बाधित करने वाले बिजली खंभों को विभाग एक सप्ताह में शिफ्ट करे, ताकि मार्ग के निर्माण को बिना किसी रुकावट को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पिहोवा रोड, ढांड रोड व और जलेबी चौक पर रॉग साइड चलने वाले वाहनों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का प्रपोजल तैयार किए जाए। शाहाबाद में तैयार की गई दो स्थानों की ट्रेफिक लाइटों को जल्द ही शुरू किए जाने के निर्देश दिए।




**कुरुक्षेत्र।** जिला रोड सेफ्टी की मासिक बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### लाडवा रोड पिपली पर अवैध कब्जा हटवाया जाए

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ठोल से एनएच 152 को जोडने वाले मार्ग पर पैचवर्क का कार्य पूरा करवा दिया गया। एनएच 44 पर गांव खानपुर कोलिया में टूटी हुई ग्रिल को बदलवा दिया गया। गुरुकुल के सामने ढांड रोड के गड्ढे को भरवाया गया और खेडी राम नगर से डेरा रामपुरा तक, झांसा रोड से चिबा रोड तक सड़क के गड्ढों को भरवाया गया। इसी तरह खानपुर जाटान गांव में अवैध कट को बंद कर दिया गया और शाहाबाद बराडा रोड पर जयभारत कोल्ड स्टोर के पास बने अवैध कट, निवारसी गांव के प्रवेश मार्ग की रिपेयर और स्पीड ब्रेकर के कार्य को 15 दिनों में बंद करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश देते हुए अमीन रोड से खासपुर रोड तक के मार्ग को 30 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिए। इसी तरह लाडवा रोड पिपली पर सड़क से अवैध कब्जा को हटवाया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने एनएच-152 डी की अथॉरिटी को निर्देश दिए कि वो गंगेहड़ी गांव में एनएच 152 व एनएच 152डी के बीच 200 मीटर तक डिवाइडर को बढ़ाया जाए। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, एसडीएम थानेसर अमन कुमार, एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता, केडीबी सीईओ पंकज सेतिया, इंस्पेक्टर जोगिंद्र ढुल सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में बड़ौदा से दो युवती लापता, केस

**जींद।** गांव बड़ौदा से दो यवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। बड़ौदा निवासी एक व्यकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई। उधर, गांव के ही दूसरे व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय बेटी गायब हो गई। तलाशने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा। संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पहचान पत्र देखकर ही दें जानकारी : एसडीएम

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना अभियान देश के विकास और भविष्य की योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि प्रशासन द्वारा अधिकृत प्रगणकों को सही, सटीक और नवीनतम जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें।

### गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को मिल रहा पेंशन का लाभ

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र नागरिकों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का स्थाई निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। उन्होंने बताया कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक पीड़ित एवं बौना आदि विकार शामिल हैं।

### मत्स्य पालन में दिए जा रहे अनेक लाभ : मल्होत्रा

**जींद।** अनुसूचित जाति के नागरिकों के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में अनेक प्रकार के अनुदान व लाभ दिए जा रहे हैं। संबंधित व्यक्ति सरकार की योजना का पूरा लाभ उठाएं। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए मछली पालन के लिए प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा।

### सोमनाथ मंदिर की यात्रा के लिए आवेदन छह तक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 1000 वर्ष की अखंड आस्था व पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी आठ जून को एक विशेष ट्रेन रवाना होगी।

## बिचपड़ी हत्याकांड : पुलिस पर फायरिंग का आरोप, दोनों ओर से आठ राउंड फायरिंग

# सीआईए से मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी काबू, टांगों में लगी गोली

रंजिश के चलते 23 मई को आरोपी अभिषेक ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए अपने ही परिवार पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी व मौजूद सीआईए की टीम।

बिचपड़ी गांव में दादी, चाचा और भाई की बेरहमी से हत्या करने वाले मुख्य आरोपी अभिषेक को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के साथ हुई सीधी मुठभेड़ में आरोपी अभिषेक की एक टांग व एक पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी को तुरंत नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी को अंबाला शहर के अस्पताल में रेफर कर दिया गया। डीएसपी नारायणगढ़ सूरज चावला ने बताया कि पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई। आरोपी अभिषेक बाइक पर सवार होकर भागने की फिराक में था। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर सीधे फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई के दौरान गोलियां आरोपी की दोनों टांगों पर जा लगीं। पुलिस ने मौके से आरोपी को दबोच लिया। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिस्तौल भी बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक इस खौफनाक वारदात के पीछे की वजह आपसी जमीनी विवाद था। इसी रंजिश के चलते 23 मई को आरोपी अभिषेक ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए अपने ही परिवार पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी थीं। इस जानलेवा हमले में अभिषेक के बड़े भाई संदीप, चाचा महिंद्र और बुजुर्ग दादी इसरो देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चाची सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। नेहा ने बताया कि फरवरी में उनकी शादी को दो साल पूरे हुए थे। पति स्वभाव से सीधे थे। गृहस्थी शुरू हुई तो खर्चे भी बढ़े। खर्च के लिए वह ससुर सतबीर पर निर्भर थे। पति को पाई-पाई का मोहताज बना दिया था, इसी कारण झगड़े बढ़ने लगे।बार-बार पैसों के लिए उन्हें पिता से बोलना अच्छा नहीं लगता था। दूसरी तरफ ससुर देवर पर जमकर खर्च कर रहे थे। देवर कभी चंडीगढ़ तो कभी कसौली में घूमता रहता था। इसी बात पर कई बार कलह हुई।नेहा ने यह भी बताया कि घर के खर्च, बच्चों की दवाई के खर्च बढ़ रहे थे। घरवालों ने खर्चा देना काफी कम कर दिया था। ऐसे में पति ने चाचा महेंद्र से बात की। इसके बाद चाचा ने किसी से एक लाख रुपये तो अन्य धनराशि कहीं और से प्रबंध कर चार भैंसें खरीदी थीं। काम अच्छा चलने लगा तो उधारी भी चुकता होने लगी थी।

### तीन परिजनों की हत्या कबूली

सीआईए प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से शुरुआती पूछताछ में खुलासा किया कि उसने अपने परिवार के तीन सदस्यों की हत्या की है। उसे अपने भाई संदीप, चाचा महिंद्र व दादी इशरो देवी के साथ चाची सुनीता को भी गोली मारी थी। सुनीता की सांसे अभी चल रही हैं जबकि अन्य तीन की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। अभिषेक ने ही चारों पर फायरिंग की थी। सीआईए प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि आरोपी की हालत में सुधार होते ही उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पहाड़ीपुर गांव के पास छोड़ी बाइक

सीआईए-1 की टीम को आरोपी अभिषेक को काबू करने में खूब कसरत करनी पड़ी। जांच टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी अभिषेक नारायणगढ़ क्षेत्र में मौजूद है। पहाड़ीपुर गांव के पास पुलिस ने नाकाबंदी की तभी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार युवक पुलिस को देखकर पैदल खेतों की तरफ भागने लगा। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो आरोपी ने पुलिस टीम पर सीधे फायरिंग शुरू कर दी। खेतों में पीछा कर रही पुलिस टीम पर आरोपी ने लगातार फायरिंग जारी रखी। आत्मरक्षा और आरोपी को काबू करने के लिए पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से लगभग 8 राउंड फायर हुए। जवाबी फायरिंग में आरोपी के दोनों टांगों में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

### खेत की मिट्टी से मिले 50 लाख

मृतक संदीप की पत्नी नेहा देवी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि पिछले साल खेत से मिट्टी उठी थी। तब करीब 50-52 लाख रुपये आए थे। इनमें से कुछ रुपये देवर पर ससुर खर्च कर रहे थे तो पति संदीप ने कहा था कि इतने रुपये से अभिषेक का घर बनवा दो या उनके लिए कुछ कर दो ताकि उनकी गृहस्थी चल सके। हालांकि संदीप को परिवार ने कुछ नहीं दिया।

## हादसों को न्यौता दे रही सड़कें राहगीर आवागमन को मजबूर



बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन एक बार फिर बैठकों और निर्देशों तक सीमित नजर आ रहा है। उपमंडल अधिकारी सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक जरूर आयोजित की गई लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर ज़मीनी स्तर पर अब तक हुआ क्या है? क्षेत्र की कई सड़कें लंबे समय से गड्ढों में तब्दील हैं। बरसात सिर पर है लेकिन सड़कें आज भी हादसों को न्योता दे रही हैं। रोजाना स्कूली बच्चे, बाइक सवार और ग्रामीण इन टूटी सड़कों से गुजरने को मजबूर हैं, लेकिन अधिकारियों को ये गड्ढे शायद बैठकों के एसी कमरों से दिखाई नहीं देते। बैठक में सड़क सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताया गया और अधिकारियों को गड्ढों की मरम्मत, ट्रैफिक संकेतक दुरुस्त करने तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान के निर्देश दिए गए। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि जब सड़कें महीनों से बदहाल हैं तो अब तक जिम्मेदार विभाग क्या कर रहे थे? प्रशासन ने बैठक में स्कूलों और गांवों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने की बात कही, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि अब तक क्षेत्र में कितने जागरूकता अभियान वास्तव में चलाए गए? कितने स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई? कितनी पंचायतों में सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुए? सबसे अहम सवाल स्कूल बसों की सुरक्षा को लेकर भी खड़ा हो रहा है। प्रशासन बताए कि बराड़ा क्षेत्र में अब तक कितनी स्कूल बसों की फिटनेस जांच की गई? कितनी बसों में सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई और कितनों पर कार्रवाई हुई? क्योंकि अक्सर हादसों के बाद ही प्रशासन की नींद खुलती नजर आती है। ओवरस्पीडिंग और अवैध पार्किंग पर सख्ती की बातें बैठक में जरूर हुईं, लेकिन हकीकत यह है कि मुख्य मार्गों पर आज भी अवैध पार्किंग आम बात बनी हुई है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या सड़क सुरक्षा केवल फाइलों और बैठकों तक सीमित रह जाएगी।

## डिवाइडरों पर कूड़ा न फेंके दुकानदार : मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। दुकानकारों को साफ-सफाई पर जागरूक करते हुए चेयरमैन रजत मलिक।

नगर पालिका द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के बीच अब खुद नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। एक तरफ नगर पालिका चेयरमैन बाजारों में घूमकर दुकानदारों और आम लोगों से डिवाइडरों पर कूड़ा न फेंकने की अपील कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर के कई हिस्सों में फैली गंदगी, ओवरफ्लो कूड़ेदान और समय पर कूड़ा न उठने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। चेयरमैन रजत मलिक ने दुकानदारों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गीला और सूखा कूड़ा सड़कों या डिवाइडरों पर न फेंका जाए तथा केवल डोर-टू-डोर आने वाले कचरा संग्रहण वाहनों में ही डाला जाए। लेकिन लोगों का कहना है कि नगर पालिका पहले ही अपनी जिम्मेदारी तय करे। कई इलाकों में कचरा वाहन नियमित नहीं पहुंचते, जिसके चलते मजबूरी में लोग खाली जगहों और डिवाइडरों पर कूड़ा डालने को विवश हो जाते हैं। दुकानदारों ने सवाल उठाया कि जब बाजारों में घंटों कूड़ा पड़ा रहता है, नालियां जाम रहती हैं और सफाई कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते, तब केवल जनता को दोषी ठहराना कहां तक सही है? लोगों का कहना है कि नगर पालिका हर बार जागरूकता अभियान चला कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है, जबकि जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था की हालत बद से बदतर बनी हुई है। शहरवासियों का आरोप है कि कई जगहों पर डिवाइडर खुद अस्थायी कूड़ाघर बन चुके हैं। बऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर नगर पालिका की मॉनिटरिंग व्यवस्था कितनी प्रभावी है? नगर पालिका सचिव मोहित सैनी के नेतृत्व में बनाई गई विशेष टीम आज विभिन्न बाजारों और रिहायशी इलाकों में लोगों को जागरूक करती नजर आई।

## बिजली की अघोषित कटौती पर भड़के किसान, पावर हाउस पर किया प्रदर्शन

- किसानों का आरोप, पर्याप्त बिजली न मिलने से फसलों को हो रहा है भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

ग्रामीण क्षेत्रों में कई दिनों से जारी बिजली कटौती से गुस्साए किसानों पॉवर हाउस पर प्रदर्शन किया। बिजली निगम के अधिकारियों को जमकर कोसा। शहजादपुर में तो पुलिस अधिकारियों ने किसानों को समझाकर वापस भेज दिया लेकिन मुलाना में रात 10 बजे तक किसान ताला जड़कर पावर हाउस पर बैठे रहे। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से कृषि क्षेत्र की बिजली में की जा रही अघोषित कटौती से नाराज होकर भारी संख्या में किसान मुलाना स्थित पॉवर हाउस पहुंच गए। भाकियू शहीद भगत सिंह के खंड प्रधान लखबीर सिंह ने बताया की बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया था कि कृषि कार्य के लिए बिजली की ज्यादा कटौती नहीं होनी तय समय पर ही कटौती होगी लेकिन हालात ऐसे हैं कि तय समय पर कटौती हो रही है इसके बाद भी ब्रेकडाउन बोलकर बिजली काट दी जा रही है।

### अधिकारी बार-बार शिकायतों के बाद नहीं ले रहे सुध

भाकियू पदाधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों से कृषि कार्य के लिए मिलने वाली बिजली में भारी कटौती की जा रही है। इस समय फसलों को पानी की सख्त जरूरत है, लेकिन निगम की लापरवाही के कारण किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। दिन हो या रात, अघोषित कटों से किसान बेहाल हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी जब अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली, तो किसानों को मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। किसानों ने बिजली निगम और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ बुनियादी सुविधाएं जैसे बिजली-पानी भी मुहैया नहीं कराई जा रही हैं।



### बनिया पावर क्लब गठित, अतुल अग्रवाल बने प्रधान

**अंबाला।** समाज की एकता, प्रगति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनिया पॉवर क्लब' का शुभारंभ किया गया। इस विशेष अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वसम्मति से क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार सुशील गोयल (पानीपत वाले) को क्लब का संस्थापक नियुक्त किया गया है। संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए अतुल अग्रवाल को प्रधान और आकाश बंसल को उप प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव रोहित गर्गको बनाया जबकि कोषाध्यक्ष स्पर्श गोयल होंगे। उत्कृष्ट सदस्य की जिम्मेदारी संदीप सिंगला, विमल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, गौरव गर्ग एवं सतीश गुप्ता को दी गई है। नवनियुक्त संस्थापक सुशील गोयल और प्रधान अतुल अग्रवाल ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि 'बनिया पॉवर क्लब' समाज के उत्थान, आपसी सहयोग और एकजुटता के लिए निरंतर कार्य करेगा। इस घोषणा के बाद पूरी टीम में भारी उत्साह का माहौल है और सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीएम सैनी ने भाजपा जिला अध्यक्ष के पिता के निधन पर जताया शोक

- बीते कल हुआ था राजकुमार राणा का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। पीड़ित परिवार से बातचीत करते सीएम नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव लखनौर साहिब में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा के निवास स्थान पर जाकर उनके पिता स्वर्गीय राज कुमार राणा के निधन पर शोक व्यक्त किया। बता दें कि बीते कल राज कुमार राणा का निधन हो गया था। उनके साथ पूर्व मंत्री असीम गोयल, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राणा, भाजपा नेता डीडी शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें । इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह , एसपी अजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार आदि रहे।

## सोमनाथ मंदिर की नि:शुल्क यात्रा के लिए 6 जून तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी पहल 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - 1000 वर्ष की अखंड आस्था व पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 8 जून को एक विशेष ट्रेन कुरूक्षेत्र रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस विशेष ट्रेन को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत यात्रा पूरी तरह निशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इच्छुक श्रद्धालु 6 जून तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी, इसलिए पात्र लाभार्थी समय रहते आवेदन करे। इस यात्रा का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए कुछ नियम निर्धारित किए हैं। इसके लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

### ऑनलाइन अपील फाइलिंग सिस्टम का शुभारंभ

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि ट्रिब्यूनल, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग हरियाणा द्वारा पहुंच में आसानी और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ऑनलाइन अपील फाइलिंग सिस्टम का शुभारंभ किया गया है। ट्रिब्यूनल, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने एक ऑनलाइन अपील फाइलिंग सिस्टम विकसित और लांच करके डिजिटल शासन और नागरिकों की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हरियाणा अनियमित विकास प्रतिबंध अधिनियम, 1963 के प्रावधानों के अंतर्गत, अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही संबंधित जिला नगर योजनाकार द्वारा की जाती है जिन्हें इस संबंध में निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना की ओर से अधिकृत किया गया है। ऐसी कार्रवाई के विरुद्ध प्रभावित व्यक्तियों को अधिकरण के समक्ष अपील दायर करने का वैधानिक अधिकार प्राप्त है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### बीईओ उचाना सत्संग के होंगे मुख्य यजमान

**उचाना।** हर माह के अंतिम रविवार 31 मई प्रातः 7: 30 पर ब्राह्मण धर्मशाला में होने वाले मासिक हवन एवं सत्संग के मुख्य यजमान उचाना के खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश आर्य उनकी धर्मपत्नी सुरेखा हवन में मुख्य यजमान के रूप में पूर्णाहुति देंगे। संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि भारतीय संस्कृति के चार स्तंभ सत्य, तप, दया और दान माने जाते हैं। हवन से क्षेत्र में सद्भावना का विस्तार होता है जीवन की वास्तविक सच्चाई हमारी आध्यात्मिकता एक दूसरे के प्रति दया भाव रखते सामर्थ्य के अनुसार दान की परंपरा की मूल भावना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होता है। यज्ञ को वर्षा का आह्वान रूपक माना जाता है, वर्षा है तो पानी है पानी है तो जीवन और जीवन का मूल आधार यज्ञ होता है।

## वार्डों में जगह-जगह गंदगी के ढेर खोल रहे प्रशासनिक दावों की पोल

# बरसात सिर पर, अधिकारी मीटिंग-मीटिंग खेलने में व्यस्त

शहर में नाले जाम, सड़कों व गलियों में गंदगी का अंबार लेकिन अफसर बैठकों तक ही सिमटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुई अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

मानसून दस्तक देने को तैयार है, लेकिन शहर की सफाई व्यवस्था की हालत पहले से ही बदहाल नजर आ रही है। जगह-जगह गंदगी के ढेर, जाम नालियां, डिवाइडरों पर पड़ा कूड़ा और खाली प्लॉटों में फैली गंदगी प्रशासनिक दावों की सच्चाई बयां कर रही है। ऐसे हालात में नगर पालिका और प्रशासन अब भी मीटिंग-मीटिंग खेलने में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। बीते दिवस सफाई को लेकर नपा चेयरमैन ने मीटिंग की थी। बुधवार को भी एसडीएम द्वारा इस मामले पर बैठक की गई है। एसडीएम द्वारा विकास और जनहित कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक बुलाए जाने के बाद शहर में सवाल उठने लगे हैं कि आखिर हर बार बरसात सिर पर आने के बाद ही प्रशासन को सफाई और बाढ़ नियंत्रण की याद क्यों आती है? यदि पूरे साल व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जाता तो आज हालात इतने खराब न होते। काफी समय से साफ नहीं हुई नालियां शहरवासियों का कहना है कि क्षेत्र के कई इलाकों में नालियां महीनों से साफ नहीं हुई हैं। काफी समय तक तो सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर रहे।

### हल्की बरसात में ही सड़कें बन जाती हैं तालाब

बराड़ा की बात करे तो यह पर हल्की सी बारिश में ही पानी सड़कों पर भर जाता है और नालियों और गली में फैली गंदगी लोगों के घरों तक पहुंच जाती है। बावजूद इसके अधिकारी केवल बैठकों, रिपोर्टों और निर्देशों तक सीमित नजर आ रहे हैं। जनता पूछ रही है कि आखिर पिछले सालों की बैठकों और दावों का नतीजा क्या निकला? यही नहीं, डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कई वार्डों में नियमित रूप से कचरा वाहन नहीं पहुंचते, जिसके चलते लोग मजबूरी में खाली जगहों और डिवाइडरों पर कूड़ा डाल रहे हैं। शहर में सफाई कर्मचारियों और संसाधनों की कमी की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं।